हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .5 डिग्री

11 बीकानेर मंडल पर आरयूबी निर्माण कार्य के कारण रेलसेवाएं आंशिक रद्द ..



12 वीरवार को तीन वर्षीय बच्ची सहित महिला व युवक मिले डेंगू पॉजिटिव, आंकड़ा 73 पर पहुंचा



## खबर संक्षेप

### महिला का पीछा करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने बाजार में महिला का पीछा करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर 19 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में झज्जर के एक गांव निवासी विजय को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### महिला के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से युवती का अपहरण करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 14 अगस्त को अपहरण का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने जांच के बाद क्षेत्र के ही एक गांव निवासी मनीष को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर महिला को तंग करने और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच मीडिएशन से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 19 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के मांढण निवासी जितेंद्र को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सड़क हादसे के बाद फरार चालक काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। सोहना रोड पर गत 11 अगस्त को हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया था। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के भिवाड़ी निवासी सूबेदीन को गिरफ्तार किया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट के तहत एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने जून माह में दर्ज एक्साइज एक्ट के तहत एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 24 जून को एक्साइज एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। फरीदाबाद के मांगर निवासी कर्मबीर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने आरोपी कर्मबीर को भी इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### पलवल एसटीएफ पर फायरिंग के बाद भठेड़ा से फरार हुए थे दोनों

# औलांत के निकले दोनों शूटर, गुरूग्राम में एटीएफ के साथ मुठभेड़, दोनों के खिलाफ कई मामले

■ आरोपियों के खिलाफ संगीन अपराधों में दर्ज हैं मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते मंगलवार की रात भठेड़ा में वारदात को अंजाम देने के लिए आए बदमाश एसटीएफ के इंस्पेक्टर को गोली मारकर फरार होने के बाद आखिर गुरूग्राम के गढ़ी हरसरू में दो एसटीएफ ने एनकाउंटर के बाद काबू कर लिए। दोनों बदमाश जिले के गांव औलांत के रहने वाले हैं, जो रोहित गोदारा गैंग के शूटर बताए गए हैं। दोनों के पैरों में गोलियां लगने के बाद उन्हें गुरूग्राम के एक अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।



रेवाड़ी। एनकाउंटर के बाद काबू किए गए दोनों शूटर। फोटो :हरिभूमि

19 अगस्त की रात पलवल एसटीएफ को पुख्ता जानकारी मिली थी कि रोहित गोदारा गैंग से जुड़े शूटर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए रेवाड़ी जिले के गांव भठेड़ा जा रहे हैं। इस सूचना के बाद पलवल एसटीएफ की टीम इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर के नेतृत्व में बदमाशों का पीछा करते हुए रेवाड़ी पहुंच गई। दोनों शूटरों को भठेड़ा में ही नशीले पदार्थ बेचने वाले एक व्यक्ति ने बुलाया था, जो नशा तस्करी का विरोध करने वाले युवक को सबक सिखाने की धमकी दे चुका था। धमकी मिलने के बाद नशा तस्करी रोकने के लिए गांव के युवाओं की टीम भी बदमाशों का मुकाबला करने के लिए तैयार थी। इसी दौरान गांव की फिरनी में पलवल एसटीएफ की गाड़ी ने बदमाशों की गाड़ी को टक्कर मारकर उसके टायर नष्ट कर दिए। बदमाशों ने एसटीएफ पर फायरिंग की, जिसमें इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर पैर में गोली लगने से घायल हो गए थे। सूचना मिलने के बाद जिला पुलिस के आला अधिकारी भी एक्शन में आ गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल व सीआईए की टीमों को सर्च ऑपरेशन में लगाया गया था, परंतु बदमाश खेतों के रास्ते फरार होने में कामयाब हो गए थे। भठेड़ा से भागने के बाद रोहतक सीआईए से लेकर बहादुरगढ़ और गुरूग्राम एसटीएफ ने बदमाशों को काबू करने के लिए जाल बिछा दिया था। बुधवार की रात गुरूग्राम सेंट्रल और बहादुरगढ़ एसटीएफ के ज्वाइंट एक्शन में दो बदमाशों को एनकाउंटर के बाद काबू कर लिया गया। दोनों की पहचान जिले के गांव औलांत निवासी नितिन और यशपाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार नितिन पर अपहरण, लूट व आर्म्स एक्ट सहित 8 मामले दर्ज हैं, तो यशपाल पर हत्या के प्रयास व ऑर्म्स एक्ट के तहत दो केस दर्ज हैं। दोनों रोहित गोदारा गैंग के सदस्य बताए गए हैं, जिसे अब विरेंद्र चारण ऑपरेट कर रहा है।

#### जिला पुलिस ने बनाया दबाव



बदमाशों पर जिला पुलिस ने पूरा दबाव बनाया हुआ था। अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश जिले की सीमा से निकल गए थे। भठेड़ा के जिन युवकों को हिरासत में लिया गया था, उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है।
-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।

#### पुलिस ने रिहा किए गांव के पांच युवक

ग्रामीणों के अनुसार गांव का एक व्यक्ति नशा तस्करी के धंधे में लिप्त है। गांव के ही एक युवक ने उसकी शिकायत की थी, जिसके बाद नशा तस्करी के आरोपी ने उसे सबक सिखाने की धमकी दी हुई थी। नशा तस्करी का विरोध करने वाले युवक पर हमला कराने के लिए ही शूटरों को बुलाया गया था। गांव के अन्य युवाओं को इस बात की भनक लगी, तो गांव के युवा बदमाशों का मुकाबले करने के लिए लाठी-डंडों से लैस होकर तैयार खड़े हुए थे। बाद में इन्हीं में से पांच युवकों को पुलिस ने संदेह के आधार पर हिरासत में भी ले लिया था। दोनों शूटरों की एनकाउंटर में गिरफ्तारी के बाद थाना खोल पुलिस ने पांचों युवकों को क्लीनचिट देते हुए रिहा दिया।

### प्रॉपर्टी आईडी में नाम दर्ज नहीं करने पर

## नगर परिषद पर लगा 40 हजार रुपये का जुर्माना



रेवाड़ी। नगर परिषद परिसर कार्यालय। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रॉपर्टी आईडी में मालिक का नाम दर्ज नहीं करने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने निर्णय लेते हुए नगर परिषद पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। नगर परिषद को 11000 रुपए शिकायतकर्ता को केस में हुए खर्च के लिए अलग से देने होंगे। उपभोक्ता आयोग ने इसे जानबूझकर सेवाओं में लापरवाही किए जाने का मामला करार दिया है। शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर वार्ड नंबर-31 निवासी प्रवीन देवी ने एक प्लॉट 126 वर्ग गज 20 नवंबर 2020 को खरीदा था। यह प्लाट उन्होंने रोहित पुत्र महिपाल से खरीदा था, जिसके बाद उस प्लाट का इंतकाल भी उनके नाम चढ़ गया था। खरीद के पहले से ही प्रवीण देवी ने नगर परिषद में विकास शुल्क 50042 रुपए 27 मार्च 2020 को जमा किए थे। इसके बाद नगर परिषद की ओर से दोबारा विकास शुल्क के नाम पर 9860 रुपए 18 नवंबर 2020 को जमा कराए गए थे। प्लाट मालिक से नगर पालिका टैक्स 853 रुपए भी वसूला गया था। डेवलपमेंट चार्ज भरने के बाद भी प्लाट मालिक की प्रॉपर्टी आईडी, जिसका पुराना नंबर रु 31 आरयू 1283 एए तथा नई आईडी नंबर 3 क्यु 2 पी जेफ 94 था। इन दोनों आईडी में ही उनका नाम दर्ज नहीं किया गया। नाम दर्ज कराने के लिए प्रवीण देवी ने कई बार नगर परिषद के चक्कर लगाए। नियम के अनुसार उन्होंने ऑनलाइन आपत्ति भी दर्ज कराई, लेकिन ऑनलाइन आपत्ति को यूएलडी क्लर्क नरेश कुमार, कुशल यादव यूएलडी मेकर तथा कनिष्ठ अभियंता सुनील वर्मा ने ई-पोर्टल पर निरस्त कर दिया कि उनके द्वारा खरीद की गई जमीन अनाधिकृत कॉलोनी में है, जो कि नगर परिषद की सीमा में नहीं आती है। इसके बाद प्लाट मालिक ने अपने अधिवक्ता सत्यबीर खरोड़िया की सहायता से 24 अप्रैल 2024 को जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दायर की। शिकायत दायर करने के बाद नगर परिषद की ओर से यह दलील दी गई कि उनका प्लॉट नगर परिषद की सीमा में नहीं आता है और प्रॉपर्टी आईडी ऑनलाइन दुरुस्त की जाती है। प्रॉपर्टी अधिकृत कॉलोनी में न होने के कारण उनकी प्रॉपर्टी आईडी में नाम नहीं दर्ज किया जा सका है। अधिवक्ता ने प्रॉपर्टी की नगर परिषद में होने के लिए सबूत के तौर पर सर्कुलर दिनांकित 28 सितंबर 2018 का जिला उपभोक्ता आयोग के सामने पेश किया, जिसमें जमीन के वह सभी किला नंबर मौजूद थे, जिस नंबर से शिकायतकर्ता ने जमीन खरीदी थी।

# कसोला चौक पर बना हॉट स्पॉट, विभाग नहीं ले रहा सुध, लगातार होने लगे सड़क हादसे

■ गहरे गड्ढों में फंसकर खराब हो रहे वाहन, कैंटर फंसने से लगा रहा घंटों जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गढ़ी बोलनी रोड जिले के व्यस्ततम रोड में शामिल हो चुका है। यह रोड न सिर्फ सीधे राजस्थान से कनेक्टिविटी दे रहा है, बल्कि दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे से भी जुड़ रहा है। इस रोड से हजारों वाहनों का आवागम हो रहा है। कसोला चौक के पास सड़क की दुर्दशा इस कदर हो चुकी है कि गहरे गड्ढों में वाहन फंस रहे हैं। वाहन फंसने के बाद जाम जैसे हालात बन जाते हैं। वीरवार सुबह कसोला चौक फ्लाईओवर के नीचे बने गड्ढे में एक कैंटर गाड़ी फंस गई। गाड़ी तिरछी होकर फ्लाईओवर की दीवार से टकरा गई। इससे बड़ा हादसा होने से तो टल गया, परंतु काफी देर तक चौक पर जाम जैसे हालात बन गए। बाद में क्रेन की मदद से कैंटर गाड़ी को सड़क के गड्ढे से बाहर निकाला गया। बरसात के बाद यह रोड कसोला चौक के आसपास बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। एक बार मिट्टी डालकर गड्ढों को पाट दिया गया था। बारिश आने के बाद मिट्टी बहकर निकल गई। कई स्थानों पर सड़क पर 10 इंच से भी ज्यादा गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इन गड्ढों में पानी एकत्रित होने के बाद वाहन चालकों को गहराई का पता नहीं चलता। पानी में घुसते ही वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं। इससे वाहन क्षतिग्रस्त भी हो रहे हैं, जिससे वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। सड़क की बाइं लेन वाहनों के ज्यादा लोड के कारण जर्जर हो चुकी है।

#### लगातार होने लगे सड़क हादसे





रेवाड़ी। कसोला चौक पर गड्ढे में फंसा कैंटर, गढ़ी बोलनी रोड पर गड्ढे में फंसी कार को धक्का देते युवक। फोटो :हरिभूमि

#### रात को हो सकता है बड़ा हादसा

गढ़ी बोलनी रोड पर बड़ी संख्या में आवासीय सोसायटी बनी हुई हैं। कंपनियों में काम करने वाले लोगों का इस रोड से बड़ी संख्या में आवागमन बना रहता है। रात को भी सैकड़ों की संख्या में इस रोड से वाहन गुजरते हैं। आउटर बाइपास से उतरने वाले वाहन भी इसी रोड से नेशनल हाइवे पर पहुंचते हैं। रात के समय सड़क के गड्ढों में एकत्रित पानी के कारण यहां बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है, लेकिन लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क की दयनीय हालत की सुध नहीं ली जा रही। विभाग के कार्यकारी अभियंता सत्येंद्र कुमार का कहना है कि सड़क की मरम्मत का कार्य कराने के लिए जल्द टेंडर की प्रक्रिया को पूरा जा रहा है। इसके बाद सड़क निर्माणकार्य शुरू कराया जाएगा।

#### बारिश के बाद कई सड़क बदहाल

मानसून में हुई बारिश के बाद कई सड़कों की हालत दयनीय हो चुकी है। महेंद्रगढ़ रोड पर बाइपास फ्लाईओवर के नीचे सड़क टूटकर बिखर चुकी है। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर पाली फ्लाईओवर पर भी सड़क कई जगह से टूट चुकी है। बाइपास रोड से झज्जर रोड को लिंक करने वाले स्थान पर सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। महाराणा प्रताप चौक के पास बावल रोड की सड़क टूट चुकी है। भाड़ावास रोड कई जगह से टूट चुका है। टूटी सड़कों के कारण वाहनों को गड्ढे में जाने से भारी नुकसान हो रहा है, परंतु संबंधित विभागों ने अभी तक इन सड़कों की सुध लेना जरूरी नहीं समझा है।

### किसान के ट्यूबवेल से केबल व उपकरण चोरी

**कोसली।** कोसली क्षेत्र के गांव झाल में चोर एक किसान के खेत से मोटर की केबल व अन्य उपकरण चोरी कर ले गए। किसान महेश कुमार ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को को जब वे अपने ट्यूबवेल पर गए तो मोटर की लगभग दो सौ मीटर केबल, 3 एल्यूमिनियम बैंड और 5 ब्रास नोजल गायब मिली, जिससे उनका 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच के बाद अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

## ईसीएचएस पॉली क्लिनिक में सर्वर डाउन होने से पूर्व सैनिक परेशान, बिना इलाज के लौट रहे

**रेवाड़ी।** जिले के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में लगातार सर्वर डाउन होने से चिकित्सा सेवाएं लेने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को सुबह 11 बजे के बाद से पॉलीक्लिनिक बंद होने तक सर्वर बंद रहा, जिससे सैकड़ों भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा। गर्मी और उमस के बीच बुजुर्ग पूर्व सैनिकों को घंटों तक सर्वर चालू होने का इंतजार करना पड़ा। पॉलीक्लिनिक में लगभग 30 किलोमीटर दूर से भी सैनिक इलाज के लिए आते हैं। ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में इलाज के लिए पंजीकरण से लेकर डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है। सर्वर डाउन होने से किसी भी चरण में काम रुक जाता है। पूर्व सैनिकों का कहना है कि यहां का पूरा इलाज डॉक्टरों पर नहीं, बल्कि सर्वर पर निर्भर है। सर्वर डाउन होने से यह पॉलीक्लिनिक खुद ही बीमार पड़ जाता है, ऐसे में यह सैनिकों की स्वास्थ्य सेवा कैसे कर पाएगा। उन्होंने सरकार से सर्वर व्यवस्था को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है ताकि भूतपूर्व सैनिकों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

#### ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक की समस्याएं



पॉलीक्लिनिक में लगातार सर्वर खराब व्यवस्था के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के कारण सर्वर पर निर्भरता बहुत ज्यादा है। दूर-दराज से आने वाले सैनिकों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ता है। इस तरह की बाधाएं पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ा संकट पैदा कर रही हैं। भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों का कहना है कि सरकार और अधिकारियों को इस गंभीर समस्या पर ध्यान देना चाहिए और समस्या का स्थाई समाधान निकालना चाहिए।

### आज फिर बूंदाबांदी होने की संभावना, एक सप्ताह तक मौसम साफ नहीं

# आसमान में बादल छा रहे, बिना बरसे ही लौट रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आसमान में बार-बार बादल तो छा रहे हैं, परंतु बिना बरसे ही लौट रहे हैं। हवा में नमी के कारण उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। बादल छाने के बाद कुछ इलाकों में बूंदाबांदी तो होती है, लेकिन अच्छी बरसात नहीं हो रही है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। अगले दो-तीन दिनों में अच्छी बारिश भी हो सकती है। वीरवार को सुबह से ही आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक बादल साफ होने के बाद तेज धूप निकली। सुबह के समय कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.5 डिग्री पर पहुंच गया। रात के तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। यह 22.5 डिग्री पर आ गया। लगभग एक सप्ताह से तापमान 34 से 35 डिग्री के आसपास ही चल रहा है। हवा में नमी का स्तर 78 फीसदी रहा, जबकि हवा की रफ्तार काफी कम 8 किमी प्रति घंटा रही। दोपहर तक तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों का जमकर पसीना निकाला। चिपचिपाहट भरी गर्मी में कूलरों की हवा भी काम नहीं कर पाती, जिस कारण लोगों के दिन भर पसीने निकलते रहते हैं। एसी में रहने वाले लोगों को जरूर राहत मिलती है। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। अगले दो-तीन दिनों में बिखराव वाली बरसात भी हो सकती है। शुक्रवार को बूंदाबांदी की संभावना है। शाम के समय आसमान में छाए बादलों से एक बार फिर बूंदाबांदी की संभावना नजर आने लगी थी।

#### उमस भरी गर्मी से राहत नहीं



रेवाड़ी। एक खेत में कपास की फसल में आए फूल। फोटो :हरिभूमि

#### किसानों को साफ मौसम की दरकार

इस बार नियमित अंतराल के बाद होती रही बारिश के का खरीफ की फसलों को अच्छा फायदा मिला है। बाजरा और कपास दोनों फसलें पकाव की ओर अग्रसर हैं। इस समय किसानों के लिए साफ मौसम रहना जरूरी है। साफ मौसम के चलते बाजरे की फसल कटाई जल्द शुरू हो जाएगी। अगर तेज हवाओं के साथ बरसात होती है, तो इससे बाजरे की फसल को भारी नुकसान की आशंका रहेगी। कपास की फसल भी बारिश के कारण खराब हो सकती है। मौसम साफ होने से दोनों फसलों का अच्छा उत्पादन होने के आसार बने हुए हैं।

## अवैध शराब बेचने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला फरीदाबाद गांव मांगर निवासी कर्मबीर के रूप में हुई है। गत 24 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि राहुल निवासी गांव कास देवरा बिहार हाल किरायेदार नारायण विहार आकेड़ा अपने किराये के मकान में अवैध रूप से शराब बेच रहा है जिस सूचना पर पुलिस ने आरोपी राहुल को काबू करके उसके कब्जे से 18 बोतल देशी शराब बरामद की थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी राहुल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी राहुल ने बताया था की वह मकान मालिक कर्मबीर के कहने पर अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है।

जो इस मामले में पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला फरीदाबाद गांव मांगर निवासी कर्मबीर को भी गिरफ्तार कर लिया है।



कहानी
अशोक जोशी

बबलू को कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू





बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा, 'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक
आलोक कुमार दुबे







उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी



एआई इमेज

ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अक्सर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी

बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *





**किताब**: मारी का सफर, **लेखिका**: लावण्या कार्तिक, **अनुवाद**: सीमा, **मूल्य**: 70 रुपए, **प्रकाशक**: एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत
रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर



छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।



**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से



खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।

**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो



जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *

### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया,'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'



एआई इमेज

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## जीके क्विज-167

1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-166 का उत्तर :** 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



रितेश, मटियारी



भव्या, बिलासपुर



प्रगति, बिलासपुर



गोपिका, ईमेल से



शुभम, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** बाइक चालक ने ऑटो से उतर रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नागरिक अस्पताल से मृतक का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। गांव सुंदरह निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसका पिता सत्यवीर बीते शाम को करीब छह बजे सिसोठ के राधा स्वामी सत्संग भवन में जाने के लिए बस से गए थे। वहां बस नहीं रुकने की वजह से उसके पिता पाली बस स्टॉप पर उतरे। वहां से वे टैंपो में बैठकर सिसोठ के राधा स्वामी भवन के सामने उतर गए।

### मोहनपुर में आयोजित मेले से बाइक चोरी

**कनीना।** गांव मोहनपुर नांगल में आयोजित मेले में आए एक श्रद्धालु की बाइक चोरी हो गई। इस बारे में इसराना निवासी सुखबीर सिंह ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह धनौंदा निवासी हरीश चंद की बाइक लेकर मेले में गया था। सत्य भारती स्कूल के समीप बाइक खड़ी करने के बाद मेला देखकर वापस आया तो वहां बाइक नहीं मिली।

### गाड़ी संख्या 12458 बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा 28 को बीकानेर से 1 घंटे की देरी से चलेगी

# बीकानेर मंडल पर आरयूबी निर्माण कार्य के कारण रेल सेवाएं प्रभावित

गाड़ी सं. 14702 बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेलसेवा 27 को बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया सीकर-लोहारू-सादुलपुर होकर संचालित होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो: हरिभूमि

रेलवे की ओर से बीकानेर मंडल के चूरू-आसलू रेलखंड पर आसलू-दूधवाखारा स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या-155ए पर आरयूबी निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा और उत्तर पश्चिम रेलवे की रेलसेवाएं आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित व रीशेड्यूल रहेगी।

### ये रेलसेवाएं रहेंगी आंशिक रद

गाड़ी संख्या 54789 रेवाड़ी-बीकानेर सवारी गाड़ी 28 अगस्त को रेवाड़ी से प्रस्थान करके सादुलपुर तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा सादुलपुर-बीकानेर के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54790 बीकानेर-रेवाड़ी सवारी गाड़ी 28 अगस्त को बीकानेर के स्थान पर सादुलपुर से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार रेलसेवा 28 अगस्त जोधपुर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर रेलसेवा 29 अगस्त को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14897 बीकानेर-हिसार रेलसेवा 28 अगस्त को बीकानेर से प्रस्थान करके चूरू तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14898 हिसार-बीकानेर रेलसेवा 29 अगस्त को हिसार के स्थान पर चूरू से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54604 लुधियाना-चूरू रेलसेवा 28 अगस्त को लुधियाना से प्रस्थान करके हिसार तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54605 चूरू-लुधियाना सवारी गाड़ी 29 अगस्त को चूरू के स्थान पर हिसार से प्रस्थान करेगी।

### मार्ग परिवर्तित व रीशेड्यूल रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 20403 प्रयागराज-लालगढ रेलसेवा 27 अगस्त को प्रयागराज से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया सीकर-चूरू होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा फतेहपुर शेखावाटी स्टेशन पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14702 बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेलसेवा 27 अगस्त को बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग वाया सीकर-लोहारू-सादुलपुर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा झुन्झुनू व लोहारू स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 22481 जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा 28 अगस्त को जोधपुर से अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 45 मिनट देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12458 बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा 28 अगस्त को बीकानेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी का आरोपी।

# बाइक चोरी के मामले में दूसरा आरोपी भी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना रामपुरा पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। 16 अप्रेल को ईआरवी पर तैनात पुलिस टीम ने कनुका पेट्रोल पम्प के पास सदिग्ध हालात में एक बाइक को रुकवाकर चेक किया तो चालक ने अपना नाम विजयपाल निवासी गांव अलडीन जिला कोटपुतली बहरोड़ राजस्थान बतलाया। पुलिस ने बाइक की इंजन व चेसिस नंबर से जांच की, तो बाइक के नंबर फर्जी पाए गए। बाइक की जांच में पाया गया कि उक्त बाइक के सम्बन्ध में थाना चंदवाजी राजस्थान में चोरी का मामला दर्ज है। पुलिस पूछताछ में बाइक चालक विजयपाल ने बताया कि उसने यह बाइक 30 हजार रुपये में राजस्थान के जिला कोटपुतली बहरोड़ के गांव गिगलाना निवासी संदीप से खरीदी थी। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में मामला दर्ज करके आरोपी विजयपाल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने संदीप को भी गिरफ्तार कर लिया।

# गीता के उपदेश से अर्जुन का मोह दूर हुआ

- धारूहेड़ा के सेक्टर-6 में चल रही श्रीमद् भागवत आध्यात्मिक कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा



रेवाड़ी। श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन देत प्रेमानंर गिरी महाराज। फोटो: हरिभूमि

धारूहेड़ा के सेक्टर-6 में चल रही श्रीमद् भागवत आध्यात्मिक कथा सुनने के लिए रोजाना श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा है। श्रृद्धालु स्वामी प्रेमानंद गिरी महाराज के प्रवचन सुनकर आंनद विभोर हो रहे है। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री राधावल्लभ ज्ञान यज्ञ सेवा समिति की ओर से किया जा रहा है। वीरवार को कथा के चौथे दिन प्रेमानंद गिरी महाराज ने कहा कि सुखदेव जी की कथा सुनकर राजा परीक्षित का मोक्ष हो गया। राजा परीक्षित जैसा श्रोता हो और सुखदेव जी जैसे वक्ता हो तो मोक्ष आज भी संभव है। उन्होंने कहा कि रोगों का उपचार व्यक्ति के रोग के अनुसार ही किया जाना संभव है, क्योंकि त्रेता युग में रावण ने धन और शक्ति एकत्रित कर ली तो उसे अहंकार हो गया।

महाभारत काल में धृष्टराष्ट्र के पुत्र मोह के कारण विनाश हो गया। महाराज ने अनेक प्रकार के उदाहरण देकर उपस्थित महिला पुरुषों को कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण भगवान ने गीता का उपदेश देकर अर्जुन के कुटुंब मोह को दूर किया। जब कहीं जाकर के अर्जुन युद्ध लड़ने के लिए तैयार हुआ। इस अवसर पर तरुण कौशिक ने मंच संचालन किया। स्वामी जी ने बीच-बीच में भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर अखंड परमधाम सेवा समिति से मधुकर ने कहा कि एक भगवान जो सगुण है पर निराकार है। सगुण को हम ईश्वर कहते हैं तथा निर्गुण निराकार को हम परम ब्रह्म परमात्मा कहते हैं। उन्होंने कहा कि देश से बुराइयों को खत्म करने के लिए तथा मानव का उत्थान करने के लिए अच्छे रास्ते पर चलने के लिए संदेश दें। महाराज ने सामाजिक कार्यकर्ता व स्कूल निदेशक योगेन्द्र को मोमेंटो भेंटकर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि गृहस्ती में रहकर भी इंसान अपने परिवार की परवरिश के साथ भगवान का नाम श्रवण कर सकता है।

### शॉर्ट सर्किट से स्नैक्स फैक्ट्री में आग से भारी नुकसान

**नारनौल।** शहर में बुधवार व वीरवार रात को फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। यह फैक्ट्री पेट्रोल पंप के पास स्थित है। जिसके चलते वहां खाड़ा खाली तेल का टैंकर भी जल गया। इससे फैक्ट्री संचालक को करीब ढाई से तीन करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। फैक्ट्री के साथ साथ एजेंसी में रखा सामान भी जल गया। आगे लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां व 10 पानी के टैंकरों आग बुझाने में जुटे हुए हैं। जानकारी के अनुसार यह घटना बुधवार व वीरवार रात करीब दो बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार निजामपुर रोड पर फ्लाइओवर से आगे जोरासी गांव की ओर बंसल फूड के नाम से एक फैक्ट्री बनाई हुई है। जिसमें कुरकुरे, नमकीन, चिप्स व बिस्कुट आदि बनाए जाते हैं। इसी एक एजेंसी से स्नैक्स की सप्लाई शहर व गांवों में की जाती है।

*बाबा जहारवीर गोगा महाराज का मेला संपन्न हो गया*

# कबड्डी में गादला की टीम विजेता और कन्हौरी बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड



रेवाड़ी। मेले के समापन पर विजेता खिलड़ियों को सम्मानित करते हुए

गांव कोलाणा में वीरवार को बाबा जहारवीर गोगा महाराज का मेला संपन्न हो गया। मेले में मुख्य अतिथि निजी अस्पताल के चिकित्सक डा. देवेंद्र यादव ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कबड्डी में गादला की टीम ने प्रथम व कन्हौरी गांव की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 31 हजार व उपविजेता को 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। गांव के सरपंच राजीव बिट्टू के साथ मौजिज लोगों मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डा. यादव ने कहा कि मेले हमारी प्राचीन संस्कृति को दर्शाते है। मेलों से भाईचारे की भावना विकसित होती है। युवा खेलों से करियर बनाने के साथ-साथ अपने शरीर को भी सुडौल बनाते है। खेल प्रतियोगिताओं में 1600 मीटर व 800 मीटर ओपन दौड़ में प्रथम रवि टपकुड़ा व द्वितीय पंकज खालेटा रहे। बुजुर्गों की 100 मीटर दौड़ में कोटपूतली के गिरधारी व दूसरे स्थान पर रोशन लाल कनीना रहे। कबड्डी 45 केजी पहले स्थान पर अहरोद, दूसरे स्थान पर कोलाणा की टीम रही, जिन्हें 51 सौ व द्वितीय को 31 रुपए पुरस्कार दिया गया। लड़कियों की 400 मीटर दौड़ में प्रथम सबीना व द्वितीय अंतिम दूधवा रही। मंच संचालन पूर्व सरपंच मनोज शास्त्री ने किया। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर सरपंच राजीव यादव, मेला कमेटी प्रधान जयनारायण, राजपत राजू, धर्मबीर पंच, उमेश, बिरेंद्र, सुशील, जगदीश, महादेव, सुंदरलाल, आदित्य, संतलाल, वेदप्रकाश, पूर्व सरपंच घनश्याम, शिवलाल, धर्मपाल सहाब, अमर सिंह, राजू यादव, ओमप्रकाश, सेवक रामौतार, कंप्यूटर टीचर नरेंद्र ,पूर्व सरपंच सहीराम, बाल सिंह, चरण सिंह, डा. सुकेश, राहुल पंच, नरेश व महादेव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



रेवाड़ी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जानकारी देते एडीसी मोदी। फोटो: हरिभूमि

### कुपोषित बच्चों के माता-पिता की काउंसलिंग करें

**कोसली।** शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल कोसली में वीरवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीसी राहुल मोदी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं और 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों को पूरक पोषाहार देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कुपोषित हैं, उनके घर जाकर उनके माता-पिता की काउंसलिंग करें और उन्हें स्पॉट फीडिंग कराए। बच्चों की हाइट और वेट भी हर महीने लें ओर पोषण ट्रैकर पर भरे। जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी लाभपात्रों को पूरक पोषाहार समय पर देने और उनका डाटा पोषण ट्रैकर पर अपडेट करने के निर्देश दिए। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर संतोष, पिंकी शर्मा, उगनता, नीतू ,सरिता व उपदेश सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक लाख रुपये तक की ऋण सुविधा

- योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड व पासपोर्ट फोटो सहित सभी दस्तावेजों की दो-दो प्रतियां आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

- महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच जरूरी

हरियाणा सरकार की ओर से महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत जिले के लिए 2025-26 में 74 केसों का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि 1.80 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाली व हरियाणा की स्थायी निवासी महिला इस योजना के लिए पात्र होंगी। आवेदक के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है और आवेदक पहले से लिए गए ऋण का डिफाल्टर न हो। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जनरल श्रेणी की महिला को 10 हजार रुपए तथा अनुसूचित श्रेणी की महिला को 25 हजार रुपए अनुदान राशि दी जाएगी। योजना के तहत उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियां शामिल है। इन गतिविधियों में महिलाएं परचून की दुकान, कपड़े की दुकान, सैलून, सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, हलवाई की दुकान, फूड स्टाल, टिफिन सर्विस व मिट्टी के बर्तन आदि बनाने का काम शुरू कर सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड व पासपोर्ट आकार फोटो सहित सभी दस्तावेजों की दो-दो प्रतियां आवश्यक है।



रेवाड़ी। वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी देते हुए सीजेएम अमित वर्मा। फोटो: हरिभूमि

### एडीआर सेंटर में लगाया फ्री हेल्थ कैंप

**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वीरवार को सम्मान से जीवन, अधिकार से रक्षा अभियान के अंतर्गत मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के सहयोग से एडीआर सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर स्तर, हृदय रोग संबंधी परीक्षण तथा चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अमित वर्मा ने शिविर में आए वरिष्ठ नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों, विधिक सहायता योजनाओं एवं नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को वरिष्ठ नागरिकों का अभिभावक एवं भरण-पोषण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों से अवगत कराया, जिसके तहत वे अपने बच्चों अथवा अभिभावकों से भरण-पोषण एवं देखभाल की वैधानिक मांग कर सकते हैं। साथ ही उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता, सरकारी योजनाएं, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं एवं शोषण अथवा उपेक्षा से सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।

### 26 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

# जिलेभर में 3 लाख 24 हजार 778 बच्चों व किशोरों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल दवा

*एडीसी राहुल मोदी ने ली जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी राहुल मोदी। फोटो: हरिभूमि

एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 26 अगस्त को जिले के सभी एक से 19 साल के बच्चे, किशोर-किशोरियों व प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। एल्बेंडाजोल सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क खिलाई जाएगी।

एडीसी राहुल मोदी ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के आयोजन को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति बैठक ली। एडीसी ने कहा कि भारत सरकार और एनएचएम हरियाणा की ओर से नेशनल डी-वार्मिंग-डे कार्यक्रम के तहत 26 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उसके बाद 2 सितंबर को मॉप-अप दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 1-19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए एल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक आधा टेबलेट पानी में घोलकर, 3-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक टेबलेट, प्रजनन आयु वर्ग 20-24 वर्ष वाली महिलाओं, गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए एक टेबलेट का प्रावधान है। कार्यक्रम के तहत 26 अगस्त को 1 से 19 वर्ष तक की आयु वाले बच्चों व किशोरों को आंगनबाड़ी केंद्रों, निजी व सरकारी स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित झुग्गी-झोपड़ियों व औद्योगिक क्षेत्रों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। जो बच्चे या व्यस्क अभियान के तहत गोली खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 2 सितंबर को मॉप अप राउंड पर एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। जिले में 1 से 19 वर्ष के तीन लाख 24 हजार 778 बच्चों को एलबेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी।

### घर-घर पहुंचेंगे कर्मी

जिले में निर्धारित लक्ष्य अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाएं। इसके अलावा एएनएम व आंगनबाड़ी वर्कर भी सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सरपंच का सहयोग भी लें। शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों से बच्चों को गोली खिलाने में सहयोग ले। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और अपने हाथ साबुन से धोएं। बैठक में डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान, उप-सिविल सर्जन डा. विशाल राव, आईएमए प्रधान डा. दीपक शर्मा, डा. विजय प्रकाश, डा. जितेन्द्र, डा. रवीना व शिक्षा विभाग से राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सुनील राव एडवोकेट के निधन पर शोक जताया

- परिषद परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया

**रेवाड़ी।** बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद् ने परिषद के लेखा निरीक्षक श्यामबाबू गुप्त गुरुग्राम तथा आजीवन सदस्य सुनील राव एडवोकेट रेवाड़ी के असामयिक निधन पर शोक जताया है। परिषद् के जुड़े पदाधिकारी नरेश चौहान एडवोकेट, बिमल गुप्त, ऋषि सिंहल, रोहित यादव, प्रवीण खुराना, सत्यवीर नाहड़यि, कृष्ण भगवान गोयल व ईश्वर सिंह यादव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए इसे परिषद् परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

**सूचना**

मैं, मीना देवी विधवा श्री सिंह राम (Singhram/ Singh Ram) निवासी जखाला तह० कोसली जिला रेवाडी हरियाणा बयान करती हूं कि मेरे पति ने अपनी एलआईसी पोलिसी न० 331571738 के नामिनी में गलती से मेरा नाम मुन्नी देवी लिखवा दिया था जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते में मेरा सही नाम मीना देवी दर्ज है। मुन्नी देवी व मीना देवी दोनों नाम मेरे तथा एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

मैं, राजकुमार पुत्र श्री मुनीलाल निवासी गांव बार्लियार खुर्द, तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र जितेन्द्र कुमार व उसकी पत्नी टिविंकल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### राजकीय स्कूल मीरपुर में वितरित की स्टेशनरी

**रेवाड़ी।** राजकीय उच्च विद्यालय मीरपुर में वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन गांव के सामाजिक कार्यकर्ता शेरसिंह व सुधीर कुमार एडवोकेट की ओर से स्व. चौधरी हरीसिंह की तेहरवीं पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। स्कूल की मुख्य अध्यापिका सुनीता देवी व स्टाफ सदस्यों ने उनकी इस पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शेर सिंह ने कहा के उनके पिता का अशिक्षित होने के बावजूद भी शिक्षा के प्रति गहरा लगाव था। उन्होंने स्कूल स्टाफ का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



### शीतला माता मंदिर में योग विज्ञान शिविर आयोजित

**कोसली।** कोसली हलके के बव्वा गांव स्थित शीतला माता मंदिर में निःशुल्क योग विज्ञान शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी समर्पणानन्द महाराज, दड़ौली आश्रम के पावन सान्निध्य में पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रभारी दयानंद आर्य के नेतृत्व में नियमित रूप से योग शिक्षक ग्रामीणों को विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया रहे है। योग शिक्षक जितेंद्र आर्य ने कहा कि योग से तन और मन स्वस्थ रहते है। हमे नियमित रूप से योग प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। योग प्रशिक्षण शिविर में योगिंग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, सर्वांगासन, हलासन, सशकासन, पश्चिमोत्तानासन, मकरासन, सुप्तवज्रासन आदि आसनों सहित भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम व भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

### जांच के दौरान लार्वा मिलने पर अभी तक 1716 लोगों को नोटिस

# वीरवार को तीन वर्षीय बच्ची सहित महिला व युवक मिले डेंगू पॉजिटिव, आंकड़ा 73 पर पहुंचा

- सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1599857 घरों में हो चुका सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में डेंगू व मलेरिया का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की डेंगू की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास करने में लगा हुआ है, लेकिन नगर परिषद का फोगिंग कार्य सुचारू रूप से न चलने के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

वीरवार को जिले में 3 डेंगू पॉजिटिव मरीज और मिले है, जिसमें गांव औलांत में 46 वर्षीय महिला, अर्बन में सरस्वती विहार में 19 वर्षीय युवक व दिल्ली रोड स्थित इंद्र लोक सोसायटी में 3 वर्षीय बच्ची डेंगू पॉजिटिव मिली है। सीजन में अब तक 73 डेंगू पॉजिटिव व 10 मलेरिया के केस मिल चुके है। डेंगू के मामलों में अभी तक सबसे ज्यादा शहर में 22, बावल सीएचसी के अन्तर्गत 21 व खोल सीएचसी के अन्तर्गत 19 डेंगू मरीज मिल चुके है। डेंगू के 65 मामलों की प्राइवेट व 8 मामलों की सरकारी लैब से पुष्टि की गई है। डेंगू के कस बढ़ने के साथ ही सरकारी व प्राइवेट ब्लड बैंकों में प्लेटलेट्स की भी डिमांड बढ़ने लगी है।



**रेवाड़ी।** मिट्टी के बर्तन में लार्वा की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोर्स रिडक्शन का कार्य ओर तेज कर दिया है। ब्रीडिंग चेकर घरों में कूलर, पानी की टंकी, फ्रीज -ट्रे व पशुओं की खेल में भरे हुए पानी में लार्वा की जांच कर रहे है। जांच के दौरान मच्छर का लार्वा मिलने पर अभी तक 1716 लोगों को नोटिस भी दिए जा चुके है। गत वर्ष के डेंगू के 411 केस मिले थे। स्वास्थ्य विभाग की ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1599857 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है। जिले में अभी तक शहर में 22, बावल सीएचसी में 21, मीरपुर सीएचसी में 5, खोल सीएचसी में 19, गुरावड़ा सीएचसी में 5 व नाहड़ सीएचसी में 1 डेंगू के केस मिल चुका है। अब तक 1759 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है। वीरवार को नागरिक अस्पताल में 6 व प्राइवेट अपताल में 3 सहित 9 लोगों के ब्लड सेंपल लिए गए। अस्पतालों में फिलहाल डेंगू के 5 मरीज एडमिट है।

#### डेंगू व मलेरिया के लक्षण

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो अपना इलाज कराएं।

#### घरों में एक दिन मनाएं ड्राई-डे

डेंगू व मलेरिया होने पर घबराने की जरूरत नहीं है। सावधानी बरतते हुए तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। डेंगू लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं। लोग अपने घरों में पानी के बर्तनों को खाली करके अवश्य साफ करें ताकि मच्छर का लार्वा पनपने न पाएं। सभी लोग सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे मनाकर पीने के पानी की टंकी, फ्रीज की ट्रे व कूलर इत्यादि को अच्छी तरह से साफ करें।

**-डॉ अमित यादव,** डिप्टी सीएमओ।





**रेवाड़ी।** गांव मीरपुर में कैंडल मार्च निकालते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## मीरपुर में निकाला कैंडल मार्च मनीषा को न्याय दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- प्रदेश में रोजाना महिलाओं के साथ दिल दहलाने वाली घटनाएं घट रही

गांव मीरपुर में भिवानी के गांव ढाणी लक्ष्मण की बेटी मनीषा की निर्मम हत्या के विरोध में युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग की। बुधवार देर शाम गांव के सैकड़ों युवक, महिलाएं व ग्रामीण शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के पास एकत्रित हुए और मनीषा के लिए न्याय की मांग की।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता कॉमरेड शेर सिंह ने हरियाणा सरकार से इस घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि आज समाज में बहन-बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा खतरे में है। प्रदेश में रोजाना महिलाओं के साथ दिल दहलाने वाली घटनाएं घट रही है। दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करके उन पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कड़ी सजा देने की मांग की। शहीद भगत सिंह यादगार युवा कमेटी मीरपुर के महासचिव सुधीर कुमार एडवोकेट ने भी घटना की निंदा की और निष्पक्ष जांच की मांग की। भगवानपुर के सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि दस दिन से अपराधियों को न पकड़ पाना, कहीं न कहीं सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

कैंडल मार्च में शीशपाल, कृष्ण कुमार, अतर सिंह, चन्द्र भान, रविंद्र, सोनू, सुनील, राजेश पंच, गांधी, राकेश, अशोक, पवन कुमार, निक्कू, मोनू, वंशु, नवीन, कुणाल, अमन, सम्राट, ऋतिक, देवांक, हर्षित, अनुज, जयप्रकाश, सरिता, जानवी, खुशी, अंकित, साहिल, आशीष, दीपक, मंजू देवी, राजबाला, सचिन, कमल, शुभम, दिनेश, तनिश व संजय सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## उधमिता युवाओं को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज में योगदान करने के लिए प्रेरित करता : डा. नमिता

- गवर्नमेंट कॉलेज बावल में अंतरराष्ट्रीय उधमशीलता दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल



रेवाड़ी। कार्यशाला में मुख्य वक्ताओं का स्वागत करते कॉलेज स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय बावल में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय उधमिता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में गोल्डन ड्रीम कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर बावल से मिस्टर परमजीत और दिव्या ने शिरकत की। कॉलेज की प्रिंसिपल डा. नमिता ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि उधमिता ऐसा गुण है, जो युवाओं को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है। शिक्षकों को छात्रों में इस गुण को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। मुख्य वक्ता परमजीत और दिव्या ने छात्रों को उधमिता के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन डा. किरण शर्मा ने किया। प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डा. पूजा ग्रोवर ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उधमिता की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यशाला में छात्रों ने उधमशीलता के महत्व को समझा। इस मौके पर मनीष कुमार, इंद्रजीत, रेखा चोपड़ा, विवेक भारती, उषा, डा. नीतू सिंह, सुदेश, डा. बबीता और सुरेंद्र शास्त्री सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



**रेवाड़ी।** गर्ल्स कॉलेज में एनसीसी एनरोलमेंट ड्राइव में मौजूद शिक्षक व छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

## कन्या कॉलेज में एनसीसी एनरोलमेंट ड्राइव में 14 कैडेट्स का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में वीरवार को नव प्रवेशी छात्राओं के लिए एनसीसी एनरोलमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। एनसीसी के लिए 14 रिक्तियों के लिए 145 छात्राओं ने परीक्षा दी। कॉलेज प्राचार्या डा. ज्योति यादव के नेतृत्व में एनरोलमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने चयन प्रक्रिया का बारीकी से विश्लेषण किया। एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर ज्योति ने बताया कि चयन प्रक्रिया में 50 अंकों की लिखित परीक्षा, दौड़, मेडिकल जांच व इंटरव्यू के बाद 14 एनसीसी कैडेट्स का सिलेक्शन किया गया। इस मौके पर एनसीसी बटालियन से पांच स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। संपूर्ण चयन प्रक्रिया उनकी देखरेख में आयोजित की गई। प्रक्रिया में एनसीसी कमेटी की कन्वीनर पूनम तथा सदस्य प्रीति राजकुमार भी उपस्थित थी।

## होटल व गेस्ट हाउस संचालकों को पोर्टल पर ऑनलाइन इंद्राज करने के निर्देश



रेवाड़ी। होटल संचालकों की बैठक लेते हुए एसएचओ सीमा कुमारी।

- मॉडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सीमा ने सभी होटल व गेस्ट हाउस संचालकों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस की ओर से होटलों व गेस्ट हाउस पर चेकिंग अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत वीरवार को मॉडल टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सीमा ने थाना क्षेत्र के सभी होटलों व गेस्ट हाउस संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी को हर समय पोर्टल पर ऑनलाइन होटल रजिस्टर्ड करने तथा होटलों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ऑनलाइन इंद्राज करने के निर्देश दिए। एसएचओ ने कहा कि संचालक होटल व गेस्ट हाउस में ठहरने व्यक्तियों की कम से कम दो आईडी जरूर लें। बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को कमरा न दिया जाए तथा जो व्यक्ति होटल में ठहरता है, उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें।

## शिविर में पहुंची अवैध कब्जे, सीवर ओवरफ्लो व बिजली संबंधी शिकायतें, कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समस्याओं के निदान के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविर में नागरिकों की रखी गई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जा रहा है। डीसी मीणा वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक हेमेन्द्र मीणा व एडीसी राहुल मोदी सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए डीसी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान किया। बालधन कलां व खरसानकी गांवों में अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को जांच करके कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शास्त्री नगर में सीवरेज का पानी ओवरफ्लो होने की शिकायत पर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। किशनगढ़ व सुलखा गांव में रास्ते को पक्का कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। गांव जैनाबाद में बिजली के ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत पर डीसी ने बिजली निगम अधिकारी को दो दिन में कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गांव कठू भवानीपुरा में बीपीएल प्लाटों में लाइट की सुविधा न होने पर कार्यकारी अभियंता को बिजली की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा समाधान शिविर में श्रम विभाग, परिवार पहचान पत्र, जनस्वास्थ्य विभाग, पुलिस व राजस्व से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिन पर उचित कार्यवाही करते हुए शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश, सीटीएम जितेन्द्र कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान व डीएसपी जोगेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** समाधान शिविर में जन शिकायतों की सुनवाई करते डीसी अभिषेक मीणा। *फोटो : हरिभूमि*

## सफाई कर्मचारियों का झाड़ू प्रदर्शन ठेका प्रथा बंद करने की मांग



**रेवाड़ी।** नगरपालिका कर्मचारी संघ की ओर से वीरवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर हरियाणा सरकार के खिलाफ झाड़ू प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने संघ के प्रदेशाध्यक्ष के आह्वान पर सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के पर रोष जताया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सलाहकार त्रिलोक बागड़ी ने की। इस मौके पर नगरपालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान पूर्णचंद पिहाल ने कहा कि सरकार ने अब तक वायदा खिलाफी की है। सरकार ने न तो कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया है और न ही कच्चे कर्मचारियों को 26 हजार से 27 हजार वेतन की घोषणा की है, जिसकी एवज में महज 2100 रुपये का पत्र जारी किया है। ऐसा करके सरकार ने सभी कर्मचारियों का मजाक बनाया गया। सरकारी कर्मचारियों पर नए-नए कानून लगाए जा रहे है। उन्होंने एसडब्ल्यूएम यानि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एप पर हाजरी का भी विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने ठेका प्रथा को खत्म करकेउ नई रेगुलर भर्ती करने की मांग की। इस मौके पर उप प्रधान शिवा व गौरव, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार बागड़ी, सह कोषाध्यक्ष आनन्द गौड़, सचिव शशि कुमार चांवरिया, सह सचिव राजबीर चांवरिया, मंच संचालक मामराज, प्यारेलाल, अर्जुन, शिवलाल, महिला प्रधान सुशीला, उषा, बीना, नीतू, माया, नरेश दरोगा व डोर टू डोर प्रधान अनिल बागड़ी सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

**राजनीति** | कर्मठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी के लगने लगे आरोप, बड़े नेताओं की सिफारिश पर बनाए गए जिलाध्यक्ष

## सिर मुंडवाते ओले गिरे वाली कहावत चरित्रार्थ, जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पर उठने लगे सवाल

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

कांग्रेस पार्टी ने एक दशक से भी ज्यादा समय बाद जिलाध्यक्षों की नियुक्ति तो कर दी, परंतु इससे कार्यकर्ताओं में असंतोष भी पैदा हो गया है। 'सिर मुंडवाते ही ओले गिरे' वाली कहावत इस समय कांग्रेस में सटीक बैठती नजर आ रही है। जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल रहे 15 आवेदकों ने मीटिंग करने बाद आरोप लगाए कि पार्टी ने एक बार फिर कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन में पद देने की बजाय वरिष्ठ नेताओं के चहेतों को अहमियत दी है। नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद कांग्रेस में एक बार फिर गुटबाजी बढ़ने की संभावनाओं को बल मिला है। नियुक्तियों से नाराज कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के समक्ष भी अपनी बात रखने का निर्णय लिया है। जिला स्तर पर अभी तक कांग्रेस पार्टी में कैप्टन अजय सिंह यादव सबसे प्रभावशाली नेता रहे हैं। पूर्व में जिलाध्यक्षों नियुक्ति कैप्टन की मर्जी के अनुसार ही होती रही। कैप्टन ने हमेशा अपने खास समर्थकों और वफादारों को पार्टी का जिलाध्यक्ष बनवाया। तीन दशक से भी लंबे समय तक जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी में कैप्टन अजय सिंह यादव का दबदबा कायम रहा। कांग्रेस में रहते हुए वरिष्ठ होते हुए भी राव इंद्रजीत सिंह ने जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं किया था। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राजनीतिक मतभेद शुरू होने के बाद कैप्टन को कांग्रेस में कई मोर्चों पर कमजोर करने के प्रयास किए गए। कैप्टन के समकक्ष एक अन्य खेमा तैयार किया गया, जो आज भी हुड्डा के प्रति पूरी आस्था बनाए हुए है। हुड्डा पिछले लोकसभा चुनावों में कैप्टन अजय सिंह यादव के चुनाव लड़ने का रास्ता रोक चुके हैं। उन्हें ओबीसी सेल के राष्टीय अध्यक्ष पद से हटाने के बाद भी पार्टी में कद के अनुरूप कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी गई है, लेकिन ग्रामीण और शहरी दोनों जिलाध्यक्ष उनके खास माने जाते हैं।



**रेवाड़ी।** जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पर रोष जताने के लिए एकत्रित कांग्रसी कार्यकर्ता।

#### जिलाध्यक्ष की कतार में थे कई चेहरे

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा खेमे से जुड़े कई कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया हुआ था। इनमें से लोकसभा टिकट की दावेदारी जता चुके पंजाबी नेता महेंद्र छाबड़ा, सुनीता रंगा, ऋषि यादव, लवली यादव, दिनेश भाड़ावास, संजय बहाला, रमेश ठेकेदार, दिनेश ठेकेदार, ओमप्रकाश डाबला, कुलजीत राव, दलबीर चौधरी, अजीत तोंगड व दयाराम हुड्डा खेमे से संबंध रखते हैं। जिले में नए अध्यक्ष नियुक्त करने के बाद उन सभी ने एक मीटिंग करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया पर खुलकर सवाल खड़े करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के समक्ष नाराजगी जाहिर करने का दावा किया है।

#### मेहनत के आधार पर नहीं हुई नियुक्ति

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेंद्र छाबड़ा व अन्य वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी ने हरियाणा दौरे पर आगमन के दौरान आश्वासन दिया था कि कर्मठ कार्यकर्ताओं को ही पार्टी में पद दिए जाएंगे। जिलाध्यक्षों की ताकत बढ़ाई जाएगी। पार्टी ने कई जिलों में जो अध्यक्ष बनाए हैं, उनकी सूची देखकर यह साफ हो गया है कि कर्मठ कार्यकर्ताओं को इसमें कोई स्थान नहीं दिया गया है। पूर्व की तरह की वरिष्ठ नेताओं के चेहेतों को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जिससे यह साफ हो गया है कि आम कार्यकर्ता पार्टी में दरी बिछाने तक ही सीमित रहेगा।

## राठ इंटरनेशनल स्कूल में गुड टच और बैड टच गतिविधि का आयोजन



रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

राठ इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों की जागरूकता के लिए वीरवार को गुड टच और बैड टच गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सही और गलत स्पर्श के बारे में जानकारी देना तथा उन्हें आत्म-सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन बलवान सिंह ने की। प्राचार्या मंजू यादव ने बच्चों को सरल और सहज भाषा में समझाते हुए कहा कि बच्चों को हमेशा अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहना चाहिए और किसी भी असुविधाजनक परिस्थिति में तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षकों से साझा करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका मंजू यादव, हेड मिस्ट्रेस शिप्रा, समन्वयक आशा, निशा व ज्योति सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।